# शारीरिक शिक्षा विभाग

**संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय**

कुरूद – 493663, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़, भारत

**NAAC B**

संदर्भ क्रमांक– शा.शि./2026–27/02/ **04 जुलाई 2026**

## सूचना

सूचित किया जाता हैं कि, बी.पी.एड. कक्षा में प्रवेश हेतु आवश्यक विभिन्न तिथियाँ निम्न हैं:

| क्र. | प्रवेश प्रक्रियॉ | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | छात्रों को ऑनलाईन फार्म की हार्ड कॉपी एवं प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित फोटो कॉपी (सूची दिशा निर्देश में देखें) जमा करनें हेतु अंतिम तिथि सायं 5 बजे तक | 11 जुलाई 2026 |
| 2. | छात्रों को फार्म की हार्ड कॉपी एवं प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित फोटो कॉपी के आधार पर बी.पी.एड. प्रवेश हेतु अर्ह व अनअर्ह छात्रों की सूचि जारी करने की तिथि सायं 5 बजे तक | 13 जुलाई 2026 |
| 3. | बी.पी.एड. प्रवेश हेतु अर्ह व अनअर्ह छात्रों की सूचि पर दावा आपत्ती हेतु अंतिम तिथि सायं 5 बजे तक इसके पश्चात किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र जमा नहीं किया जाएगा। अनिवार्यतः खेल प्रमाण पत्र छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार प्रमाणित होना अनिवार्य हैं। | 16 जुलाई 2026 |
| 4. | बी.पी.एड. प्रवेश हेतु अर्ह व अनअर्ह छात्रों की सूचि पर दावा आपत्ती पश्चात् अंतिम सूचि जारी करनें की तिथि सायं 5 बजे तक | 17 जुलाई 2026 |
| 5. | बी.पी.एड. प्रवेश हेतु अर्ह छात्रों का शारीरिक परीक्षण (प्रातः 8 बजे से) इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में छात्रों को चिकित्सीय प्रमाण पत्र मूल प्रति लाना अनिवार्य हैं। | 18 जुलाई 2026 |
| 6. | शरीरिक परीक्षण के पश्चात् दोपहर को लिखित प्रवेश परीक्षा का समय शारीरिक दक्षता परीक्षण के पश्चात् समय सूचित किया जाएगा। | 18 जुलाई 2026 |
| 7. | शारीरिक परीक्षण एवं प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु अर्ह छात्रों की वर्गवार प्राविण्य सूचि सायं 5 बजे तक। | 20 जुलाई 2026 |
| 8. | शिक्षण शुल्क जमा करनें की अंतिम तिथि सायं 5 बजे तक | 22 जुलाई 2026 |
| 9. | नियमित बी.पी.एड. सेमेस्टर–1 कक्षा प्रातः 06:30 बजे से आरंभ दिनांक | 22 जुलाई 2026 |

जिन छात्रों नें फार्म हार्डकॉपी में जमा कर दिये हैं परंतु, आवश्यक कागजात् की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी जमा नहीं किया हैं, अंतिम तिथि 11 जुलाई 2026 तक जमा कर सकते हैं।

18 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे से अनिवार्य शारीरिक परीक्षण होगा। छात्रो को उपयुक्त खेल गणवेश में शारीरिक परीक्षण हेतु उपस्थित होना अनिवार्य हैं। अभ्यर्थी भोजन की व्यवस्था स्वयं करेंगे। महाविद्यालय की ओर से किसी भी प्रकार की भोजन, यात्रा एवं दैनिक भत्ता किसी भी वर्ग के अभ्यर्थियों को देय नहीं होगा।

डॉ. ओमजी गुप्ता
विभागाध्यक्ष व
सहायक प्राध्यापक – शारीरिक शिक्षा

प्राचार्य

# बैचलर ऑफ फिज़िकल एजुकेशन (बी.पी.एड.) (दो वर्षीय)
# 14वीं बैच (2026–28) में प्रथम छिमाही (सेमेस्टर)
# सत्र 2026–2027 में प्रवेश हेतु आवश्यक अर्हताएं

संदर्भः 1. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (रा.अ.शि.प./एन.सी.टी.ई.) द्वारा निर्धारित बी.पी.एड. प्रवेश हेतु अर्हताएं।
2. छत्तीगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश नियम 2025–26.
3. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के प्रवेश नियम ।

1. शैक्षणिक व प्रवेश हेतु मूलभूत / आवश्यक अर्हताएं

50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री और कम से कम ए आई यू / आई ओ ए / एस जी एफ आई / भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल–कूद में अंतर कॉलेज / अंतर क्षेत्रीय / जिला / स्कूल प्रतियोगिता में भागीदारी की हो।

या

45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री और राष्ट्रीय / अंतर–विश्वविद्यालय / राज्य प्रतियोगिता में भाग लिया हो अथवा ए आई यू / आई ओ ए / एस जी एफ आई / भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल–कूद में अंतर कॉलेज / अंतर–क्षेत्रीय / जिला / स्कूल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

या

45 प्रतिशत अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री तथा एक अनिवार्य / वैकल्पिक विषय के रूप में शारीरिक शिक्षा का अध्ययन किया हो

या

अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के साथ स्नातक डिग्री अथवा संबंधित संघों / ए आई यू / एस जी एफ आई /भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल–कूद में राष्ट्रीय / अंतर–विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

या

45 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक डिग्री और कम से कम तीन वर्ष का शिक्षण अनुभव (प्रतिनियुक्ती सेवाकालीन उम्मीदवारों के लिए, अर्थात् प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक / कोच)

तथापि, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति / अन्य पिछडे वर्ग / शारीरिक चुनौतीपूर्ण या अन्य श्रेणियों के लिए सीटों का आरक्षण केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के नियमों के अनुसार होगा।

2. आवश्यक परीक्षा एवं परीक्षण

2.1. शारीरिक परीक्षण,

2.1.1. परीक्षण का विवरण निम्न हैंरू

| S. No. | Test Items | | Code | ↓Gender Marks→ | Performance 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 5m Shuttle Max in 1 min | | R | Men | 20 | 17 | 14 | 12 | 10 |
| | | | | Women | 15 | 13 | 11 | 9 | 7 |
| 2. | Standing Broad Jump cms | | B | Men | 200 | 190 | 180 | 170 | 160 |
| | | | | Women | 175 | 165 | 155 | 135 | 125 |
| 3. | Verticle Jump cms | | V | Men | 50 | 45 | 40 | 35 | 30 |
| | | | | Women | 40 | 36 | 32 | 28 | 24 |
| 4. | Dips | Max in 1 min | P | Men | 20 | 17 | 14 | 12 | 10 |
| | Half Dips | | | Women | 15 | 13 | 11 | 9 | 7 |
| 5. | Bend Knee Situps Max in 1 min | | S | Men | 30 | 27 | 24 | 21 | 18 |
| | | | | Women | 25 | 22 | 19 | 16 | 13 |

- Total Maximum Marks: 25
- Total mark or Percentage of Mark obtained and total marks will be taken for preparing of merit list for admission

2.1.2. शारीरिक परीक्षण में सम्मिलित नहीं होने वाले / अनुपस्थित अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अपात्र होंगे।

2.1.3. छात्रो को उपयुक्त खेल गणवेश में प्रवेश के समय शारीरिक परीक्षण हेतु उपस्थित होना होगा।

2.1.4. इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में छात्रों को चिकित्सीय प्रमाण पत्र मूल प्रति लाना अनिवार्य हैं।

2.2. लिखित परीक्षाः

2.2.1. उपर्युक्त बिंदु 2.1. में वर्णित शरीरिक परीक्षण में उपस्थित छात्र ही इस परीक्षा हेतु पात्र होंगे। अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण का रोल नं. ही आपके लिखित प्रवेश परीक्षा का रोल नं. होगा। इसे याद रखें और लिखित प्रवेश परीक्षा में उसे बिना किसी त्रुटि के सावधानीपूर्वक भरें।

2.2.2. लिखित परीक्षा में 50 वैकल्पिक प्रश्न आधारित होगी। जिसका पाठ्यक्रम निम्न हैं।

Syllabus For B.P.Ed. Entrance Examination 2025-26 Updated on 26.6.2024

2.2.2.1 Current affairs on Physical Education, Sports, Games and Yoga.

2.2.2.2 Field/Court dimensions, rules and regulations of different sports events.

2.2.2.3 Sports terminology and technical words used in competitive sports.

2.2.2.4 Olympic games, Asian games, Commonwealth games, Para-Olympic, National and International tournaments for various sports - Sports history and records etc.

2.2.2.5 Sports Awards - International, National and State, famous sports personalities, Federation, Association (National and International): History, Headquarters and working

2.2.2.6 National and International stadium/s, National and International trophies, autobiographies, books, sports media - print and electronics.

2.2.2.7 Sports in Chhattisgarh

2.3. प्रवेश परीक्षा में 60 मिनट में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर चिन्हित करना हैं। समय का विशेष ध्यान रखते हुए हल करें

अभ्यर्थी, भोजन, स्वलपाहार व पीने के पानी की व्यवस्था स्वयं कर के आवें। महाविद्यालय की ओर से किसी भी प्रकार की भोजन, यात्रा एवं दैनिक भत्ता किसी भी वर्ग के अभ्यर्थियों को देय नहीं होगा।

3. आवश्यक कागजात् (स्वसत्यापित छायाप्रति में) (निम्न क्रम में नत्थी करें) जिसे प्रवेश पत्र जमा करनें की अंतिम तिथि को अथवा इसके पूर्व जमा करना अवाश्यक हैं।

ऑनलाईन फार्म वाले अभ्यर्थी फार्म की हार्ड कॉपी निम्न सूचि के दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ माहाविद्यालय में जमा करें अन्यथा उनका नाम अर्ह छात्रों की सूची में नहीं आ पाएगा।

जो प्रवेशार्थी दूरस्थ क्षेत्र में रहते हैं तो अपने ऑनलाईन आवेदन एवं निम्न अंकसूचियों एवं प्रमाण पत्रों को स्कैन कर इस सभी की एक (सभी फार्मो व प्रपत्रों को एक साथ केवल एक) पीडीएफ फाईल बनाकर pgcollegekurud@gmail.com में भेज देवें एवं प्रवेश हेतु अर्ह छात्रों की सूचि (महाविद्यालय की वेबसाईट http://govtcollegekurud.com/ में देखें) में नाम आने पर यह अवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, सभी प्रमाण पत्रों व अंक सूचियों का एक सेट व मूल प्रति (ओरिजनल) शारीरिक परीक्षण के दिवस पर साथ लेकर आवें। अन्यथा वह प्रवेश के पात्र नहीं होंगे।

3.1. महाविद्यालय का पूर्ण भरा हुआ प्रवेश पत्र अथवा ऑनलाईन आवेदन (अनिवार्य)

3.2. प्रवेश फार्म के साथ दिया गया बी.पी.एड. हेतु विशेष फार्म पूर्ण भरा हुआ

3.3. 10वीं की अंकसूची (जन्मतिथि हेतु) (अनिवार्य)

3.4. 12वीं की अंकसूची (नाम, पिता का नाम व माता के नाम हेतु) (अनिवार्य)

3.5. स्नातक की प्रत्येक वर्ष की अंकसूचीयाँ (अर्हता परीक्षा सत्यापन हेतु) (अनिवार्य)

3.6. अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्र (स्नातक के अतिरिक्त) अंतराल की गणना हेतु (यदि हों)। (अनिवार्य)

3.7. जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

3.8. मूल निवास प्रमाण पत्र (छत्तीसगढ़ के निवासी हेतु कम शुल्क)

3.9. भारतीय विश्वविद्यालय संघ या भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त खेलकूद या एथलेटिक्स में राष्ट्रीय या राज्य या अंर्तविश्वविद्यालयी प्रतिस्पर्धा में भागीदारी व प्रावीण्यता का/के प्रमाण पत्र (एन.सी.टी.ई. के अनुसार आवश्यक) (अनिवार्य) खेल प्रमाण पत्र छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार संचालक खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रमाणित होना अनिवार्य हैं।

3.10. आधार कार्ड की छायाप्रति

3.11. बैंक खाता पास बुक के प्रथम पृष्ठ, जिसमें खता क्रमांक एवं आई एफ एस सी कोड स्पष्ट दिखे, की छायाप्रति

3.12. खेल में अर्जित कोच मैनेजर आदि कर्यभार हेतु अर्जित प्रमाण–पत्र (विशेष योग्यता)

3.13. एन.सी.सी. / एन.एस.एस. / स्काऊट गाईड के प्रमाण पत्र (अतिरिक्त योग्यता)

3.14. स्थनांतरण प्रमाण पत्र (अनिवार्य) मूल प्रति, चरित्र प्रमाण पत्र (अनिवार्य) मूल प्रति, यदि इसी महाविद्यालय के नियमित छात्र रहें हो तो महाविद्यालय कार्यालय से लिखवा कर लावें कि, ष्स्थनांतरण व चरित्र प्रमाण–पत्र जमा हैं‟ अंतराल प्रमाण–पत्र (गेप सर्टिफिकेट) मूल प्रति, (अनिवार्य) (यदि लागू हो), अंतराल होने पर राजपत्रित अधिकारी या पंच/सरपंच या स्थानिय पुलिस थाना जहाँ निवासरत हैं के द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (अनिवार्य) मूल प्रति,

3.15. यदि दूसरे विश्वविद्यालय से कोई भी पाठ्यक्रम किया हो तो प्रवजन प्रमाण पत्र (माईग्रेशन सर्टिफिकेट) मूल प्रति (अनिवार्य) एवं पात्रता प्रमण पत्र (एलिजिबिलिटि सर्टिफिकेट) मूल प्रति (अनिवार्य)

3.16. प्रतिनियुक्त सेवारत अभ्यर्थियों को प्रवेश फार्म के साथ दिए बी.पी.एड. फार्म के पीछे मुद्रित अनापत्ती पत्र उनके विभाग के लेटर हेड में संस्था के सील एवं जावक क्रमांक सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3.17. अपना व अपने अभिभवक का अलग–अलग एंटी रैगिंगश शपथ पत्र (इसकी नमूना प्रति कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं) (अनिवार्य)

4. आयु (शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में लागू) 1 जुलाई 2026 को अभ्यर्थि की अधिकतम् आयु 25 वर्ष या कम वालों को प्रथम प्राथमिकता। प्रवेश की अंतिम तिथि पर स्थान रिक्त रहने पर 25 वर्ष या अधिक आयु वालों हेतु विचार किया जाएगा।

5. स्नातक उपाधी के आधार पर प्रवेश प्राथमिकता के क्रमः बी.पी.एड. में प्रवेश हेतु स्नातक कक्षाओं के प्राप्तांकों का न्यूनतम प्रतिशत एन.सी.टी.ई. द्वारा तय किया गया हैं। स्नातक कक्षाओं से आशय 10+2 के पश्चात स्नातक कक्षाओं से है। अतः बी.पी.एड. में इन स्नातक के प्राप्तांकों के आधार पर अर्हता निर्धारण हेतु विचार किया जावेगा। न कि ऐसे स्नातक पाठ्यक्रम जिनमें प्रवेश हेतु अर्हता स्नातक उत्तीर्ण होने के पश्चात होती हैं। इन पाठ्यक्रमों का नाम तो स्नातक हैं परंतु इनकी प्रकृति स्नातकोत्तर होती हैं। जैसे– बी.एड., बी.पी.एड., बी.लिब., एल.एल.बी., इत्यादि।

5.1. छात्र जिन्होने प्रथम ही प्रयास में 10+2 पश्चात स्नातक कक्षाओं को नियमित छात्र के रूप में उत्तीर्ण किया हो। और प्रवेश सत्र के ठीक पिछले सत्र में उत्तीर्ण किया हो, अर्थात् नवीन स्नातक (फ्रेशर) हो।

5.2. छात्र जिन्होने प्रथम ही प्रयास में 10+2 पश्चात स्नातक कक्षाओं को नियमित छात्र के रूप में उत्तीर्ण किया हो परंतु अंतराल (गेप) हो।

5.3. छात्र जिन्होने प्रथम ही प्रयास में 10+2 के पश्चात स्नातक कक्षाओं को अमहाविद्यालयीन / भूतपूर्व / पूरक छात्र के रूप में उत्तीर्ण किया हो।

5.4. यदि कोई छात्र 10+2 के पश्चात स्नातक में कम अंक लाता हैं जिससे वह बी.पी.एड. में प्रवेश हेतु अनर्ह होता है। परंतु पुनः स्नातक (उसी संकाय या अन्य संकाय से नियमित अथवा अमहाविद्यालयीन छात्र के रूप में) की परीक्षा देकर अर्हतादायी अंक अर्जित करता हैं तो ऐसे अभ्यर्थी का क्रम।

5.5. इसके पश्चात् वे छात्रगण जिन्होने स्नातक के पश्चात् किसी भी प्रकार का कोई अन्य स्नातक/ स्नातकोत्तर प्रकृति का स्नातक पाठ्यक्रम (जैसे– बी.एड., बी.पी.एड., बी.लिब., एल.एल.बी., इत्यादि) किया हो। ऐसे छात्रगण स्नातक कक्षाओं का लाभ एक बार ले चुके हैं एवं अब पुनः इसका लाभ लेना चाहते हैं।

Fees Bifurcation
And Collection

# Sant Guru Ghasidas Govt. P.G. College

Kurud, Distt. Dhamtari

***B.P.Ed.***
***2026-2027***

| | | 1 semester | | 2nd Semester | | 3rd Semester | | 4th Semester | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | मद | सामान्य वर्ग | अ.जा., अ.ज. जा वर्ग एवं महिला | सामान्य वर्ग | अ.जा., अ.ज. जा वर्ग एवं महिला | सामान्य वर्ग | अ.जा., अ.ज. जा वर्ग एवं महिला | सामान्य वर्ग | अ.जा., अ.ज. जा वर्ग एवं महिला |
| शासकीय शुल्क | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शिक्षण शुल्क | 115 | 0 | | | 115 | 0 | | |
| 2 | प्रायोगिक शुल्क | 20 | 20 | | | 20 | 20 | | |
| 3 | प्रवेश शुल्क | 3 | 3 | | | 3 | 3 | | |
| 4 | स्टेशनरी शुल्क | 2 | 2 | | | 2 | 2 | | |
| | योग | 140 | 25 | | | 140 | 25 | | |
| अशासकीय शुल्क | | | | | | | | | |
| 1 | वि.वि. शारीरिक क्लयाण शुल्क | 150 | 150 | | | 150 | 150 | | |
| 2 | छात्र संघ प्रवेश शुल्क | 5 | 5 | | | 5 | 5 | | |
| 3 | परिचय पत्र | 30 | 30 | | | 30 | 30 | | |
| 4 | सायकल स्टैंड | 40 | 40 | | | 40 | 40 | | |
| 5 | छात्र कॉमन (वाचनालय) शुल्क | 20 | 20 | | | 20 | 20 | | |
| 6 | घरोहर / अवधान राशि स्नातक | 100 | 100 | | | | | | |
| 7 | निर्धन छात्र कल्याण निधि | 5 | 5 | | | 5 | 5 | | |
| 8 | महाविद्यालय पत्रिका | 50 | 50 | | | 50 | 50 | | |
| 9 | रेडक्रॉस | 40 | 40 | | | 40 | 40 | | |
| 10 | आंतरिक मुल्यांकन | 100 | 100 | | | 100 | 100 | | |
| 11 | सम्मिलित निधि शुल्क | 20 | 20 | | | 20 | 20 | | |
| 12 | क्रीडा शुल्क | 12 | 12 | | | 12 | 12 | | |
| 13 | युवा उत्सव | 20 | 20 | | | 20 | 20 | | |
| 14 | सांस्कृतिक | 20 | 20 | | | 20 | 20 | | |
| 15 | महाविद्यालय विकास शुल्क | 25 | 25 | | | 25 | 25 | | |
| 16 | व्यायामशाला शुल्क | 185 | 185 | 185 | 185 | 185 | 185 | 185 | 185 |
| 17 | प्रयोगशाला शुल्क (शारीरिक शिक्षा) | 700 | 700 | 700 | 700 | 700 | 700 | 700 | 700 |
| | योग | 1522 | 1522 | 885 | 885 | 1422 | 1422 | 885 | 885 |
| 18 | जनभागीदारी शुल्क | 600 | 600 | | | 600 | 600 | | |
| | कुल योग | **2262** | **2147** | **885** | **885** | **2162** | **2047** | **885** | **885** |

Fees Bifurcation
And Collection

# Sant Guru Ghasidas Govt. P.G. College

Kurud, Distt. Dhamtari

***B.P.Ed.***
***2026-2027***

## बी.पी.एड. फीस विवरण सत्र 2026–2027

| | सामान्य वर्ग एवं ओ.बी.सी. | | | | | अ.जा., अ.ज.जा. वर्ग एवं महिला | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शासकीय शुल्क | अशासकीय शुल्क | जनभागीदारी शुल्क | वि.वि. शुल्क | कुल | शासकीय शुल्क | अशासकीय शुल्क | जनभागीदारी शुल्क | वि.वि. शुल्क | कुल |
| प्रथम सेमेस्टर | 140 | 1522 | 600 | | 2262 | 25 | 1522 | 600 | | 2147 |
| द्वितीय सेमेस्टर | 0 | 885 | 0 | | 885 | 0 | 885 | 0 | | 885 |
| वर्षारंभ में देय | 140 | 2407 | 600 | | **3147** | 25 | 2407 | 600 | | **3032** |
| तृतीय सेमेस्टर | 140 | 1422 | 600 | | 2162 | 25 | 1422 | 600 | | 2047 |
| चतुर्थ सेमेस्टर | 0 | 885 | 0 | | 885 | 0 | 885 | 0 | | 885 |
| वर्षारंभ में देय | 140 | 2307 | 600 | | **3047** | 25 | 2307 | 600 | | **2932** |

**SANT GURU GHASIDAS GOVERNMENT P.G. COLLEGE, KURUD - DEPARTMENT OF PHYSICAL EDUCATION**

Medical Standards

In order to minimize the injuries to students during course, all students should undergo a thorough medical examination before joining. Students suffering from following diseases should avoid applying for the courses.

(a) Cardiovascular and respiratory diseases.
(b) History of pleurisy or asthma.
(c) Frequent attacks of pharyngitis or sinusitis.
(d) BP should not be more than 140 mm Hg Systolic and 90 mm Hg Diastolic.
(e) Chest expansion should be 5 cms or above.
(f) Students should not be suffering from osteoarthritis, sacro sciatic syndrome, in growing toenails, multiple corn, internal derangements of knee, inguinal hernia, varicose veins and recurrent dislocation of shoulder joints.

## MEDICAL CERTIFICATE FOR
## 2 Years Bachelor of Physical Education Course and its Entrance Physical Fitness Test

**PARTICULARS** — **REMARKS**

1. Name______________________________________________
   S/O / D/O____________________________________________
2 Age _________________ Sex : Male / Female / Third Gender
3. Address _____________________________________________
   ______________________________Occupation______________ .

**GENERAL**

4 Height _________Cms Weight _______Kgs BMI _________Kg/$m^2$
5 Any H/O Previous illness, their nature and duration ____________
  ____________________________________________________
6 Any H/O previous injuries/Trauma in detail____________________
  ____________________________________________________
  Present condition ____________________________________
7 History of previous surgical or medical illness in details_________
  ____________________________________________________

Remarks (5–7): There should be no complaint due to previous illness, injuries or surgeries etc.

8 Date of last vaccination, TT_____________TAB______________
9 History of Root canal Treatment (RCT) in last 06 months________
10 History of Exposure to High Altitude Height _____ Fts any problem (AMS, HACO, HAPO etc)_______________________________

Remarks: Should be within 5 years for TT and 3 years forTAB.

11. History of smoking/ Alcohol Intake — Should be nil
12. History of Allergic to any Drugs & Food etc.___________________
13. On any medication ________________________________ — There should not be any sign & symptoms of chronicity and withdrawal.

**RESPIRATORY SYSTEM**

1. Respiratory rate at rest ___________________________________ — Normal
2. Range of chest expansion ________________________________ — Should be 5 Cms minimum
3. Any history of breathlessness, chest Pain, Bronchial Asthma, Pneumonia_______________________________________________ — Should be nil.
4. Examination Finding ______________________________________
   ____________________________________________________ — Should be normal.

**CIRCULATORY SYSTEM**

1 . Pulse Rate ___________________ BP______________________ — Should be in normal Range
2. History of Palpitation, Chest Pain___________________________
3. History of Heart disease __________________________________
4. History of varicose vein___________________________________

Remarks (2–4): Should be nil

5. ECG (***for >35 yrs***) _____________________________________ — Should be normal

**ALIMENTARY SYSTEM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Any history of dysentery or Jaundice ______________________ | Should not be recent and persisting |
| 2. | Any history of Hernia. If so operated or not. When was it operated? Any complaint after the operation? ________________________ | Should be nil |
| 3. | Any history of Appendicitis. It operated, the Present condition ______________________________________ | |
| 4. | Any history of recurring pain in the abdomen ________________ | Should be nil |
| 5. | Any history of renal of intestinal colic | |

**NERVOUS SYSTEM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | History of Seizure/Psychosis/stroke_______________________ | Should be nil |
| 2. | Examination Finding __________________________________ | Should be normal |

**BONES AND JOINTS**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Any H/O Injury ________________________________________<br>Present condition ______________________________________ | Present condition should be without any complaint. History of fracture in previous six month will not be accepted. |
| 2. | Any history of Rheumatism _______________________________ | Should be nil. |
| 3. | Condition of Extremities _________________________________ | Should be healthy |

**BLOOD EXAMINATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Blood Group : ABO_________________ Rh_________________ | Should be within normal range |
| 2. | Complete Blood Count __________________________________ | |
| 3. | Hemoglobin g/dl ______________________________________ | |

## MEDICAL CERTIFICATE

Certified that I have examined (Name) ______________________________ and found him / her ***fit / Unfit*** (Strikeout not applicable) to undergo training of strenuous nature **in the 2 Years of Bachelor of Physical Education Physical Course and Admission Fitness Test** being held at Sant Guru Ghasidas Govt. P.G. College, Kurud – 493663, Distt. Dhamtari on __________________ **2025.**

I also certify that the above-mentioned student has been vaccinated for CoViD-19 on the Date____________.

Any Advice or special observation from Medical Officer ____________________________________________

______________________________________________________________________________

______________________________________________________________________________

Station ________________ Applicant (In presence of Medical Officer) (Sign. of Medical Officer)

Date ________________

With seal

संलग्न – 3

# शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम हेतु छात्र / छात्रा का शपथ पत्र

1. मैं श्री/श्रीमती/कु. ........................................................................ (छात्र/छात्रा का पूरा नाम) ....................................... (प्रवेश पंजियन व नामांकन क्रमांक) पुत्र/पुत्री श्री/श्रीमती ........................................................................................................ (माता/पिता/अभिभावक का नाम) संत गुरू घासीदास शासकीय स्नतकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद, जिला धमतरी छ.ग. में बैचलर ऑफ फ़िजिकल एजुकेशन (दो वर्षीय – चार सेमेस्टर) का पाठ्यक्रम में मेरा प्रवेश हो चुका हैं। मुझे ज्ञात है कि, उच्च शिक्षण संस्थानों में नियमित पाठ्यक्रमों में अंतिम परीक्षा में बैठनें हेतु अनिवार्य बाध्यताए निम्न हैं, जिनके बारे में निम्न कंडिकाओं को सावधानी पूर्वक पढ़ा और पूर्णतः समझा।

2. बैचलर ऑफ फ़िजिकल एजुकेशन (दो वर्षीय – चार सेमेस्टर) का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (रा.आ.शि.प.–एन. सी.टी.ई.) के द्वारा नियमित पाठ्यक्रम हैं जिस हेतु समय समय पर रा.आ.शि.प. द्वारा नियम बनाया एवं उसे अद्यतन किया जाता हैं जिसकी जानकारी रा.आ.शि.प. की वेबसाईट में नियमित दी जाती हैं जिससे मै स्वतः अपने आपको अवगत कराते रहुंगा/रहूंगी।

3. बैचलर ऑफ फ़िजिकल एजुकेशन (दो वर्षीय – चार सेमेस्टर) का पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु न्यूनतम् 75 प्रतिशत की उपस्थिति अनिवार्य हैं। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग एवं संबंधित विश्वविद्यालय के द्वारा नियत नियमों का भी पालन करना अनिवार्य हैं। इस हेतु मैं पूर्णतः सचेत हूँ और मैं प्रशासकीय कार्यवाही से अवगत हूँ जिसके अंतर्गत यदि इसमें किसी भी प्रकार की कमी होने पर मेरे विरूद्ध कार्यवाही हो सकती हैं। और मुझे परीक्षा में बैठनें से वंचित किया जा सकता हैं।

4. बैचलर ऑफ फ़िजिकल एजुकेशन (दो वर्षीय – चार सेमेस्टर) का पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु प्रति सेमेस्टर शरीरिक दक्षता वाले चार प्रायोगिक परीक्षा मे सम्मिलित होना होता हैं जिस हेतु पूरे सेमेस्टर के दौरान होने वाली शारीरिक एवं प्रायोगिक कक्षाओं में सम्मिलित हो दक्षता अर्जित करनी होती हैं इस हेतु मैं सचेत हूँ। इस हेतु मै किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करूंगा/ करूंगी।

5. बैचलर ऑफ फ़िजिकल एजुकेशन (दो वर्षीय – चार सेमेस्टर) का पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु सतत आंतरिक मूल्यांकन हेतु समय–समय पर प्रति सेमेस्टर विषय वार यूनिट परीक्षाओ में सम्मिलित होना आवश्यक हैं। किसी भी यूनिट परीक्षाओं में अनुपस्थित होने पर मुझे ज्ञात हैं कि मुझे अंतिम सेमेस्टर परीक्षा हेतु वंचित किया जा सकता हैं।

6. बैचलर ऑफ फ़िजिकल एजुकेशन (दो वर्षीय – चार सेमेस्टर) का पाठ्यक्रम मे प्रवेश अर्हता हेतु मान्यताप्राप्त खेल संस्था का प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज जमा करना आवश्यक हैं। जिसे मेरे द्वारा अच्छे से समझ कर प्रवेश हेतु उचित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया हैं। मुझे ज्ञात हैं कि, भविष्य में, किसी भी स्थिति में कोई दस्तावेज गलत पाए जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रवेश निरस्त होने की एवं कोई भी विधिक कार्यवाही हेतु मैं स्वतः जिम्मेदार रहूंगा / रहूंगी।

घोषणा का दिनांक .................... माह ..................... वर्ष ...................।

शपथकर्त्ता के हस्ताक्षर

नाम ..............................................

सत्यापन

मैं सत्यापित करता / करती हूँ कि, उक्त शपथ पत्र में उल्लिखित बिंदु 1 से 6 के सभी तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य हैं, और कुछ भी छिपाया नहीं गया हैं।

सत्यापन का स्थान ............................ दिनांक .................... माह ..................... वर्ष ...................।

शपथकर्त्ता के हस्ताक्षर

मेरी उपस्थिति में शपथ–पत्र में उल्लिखित नियमों का अध्ययन कर दिनांक ................ माह ..................... वर्ष ............... को हस्ताक्षर कर आत्मिक स्वीकृति दी गई।

शपथ आयुक्त

संलग्न – 1

# छात्र / छात्रा का शपथ पत्र

1. मैं श्री/श्रीमती/कु. .................................................................. (छात्र का पूरा नाम) ...................................(प्रवेश पंजियन व नामांकन क्रमांक) पुत्र / पुत्री श्री/श्रीमती ...................................................... (माता / पिता / अभिभावक का नाम) संत गुरू घासीदास शासकीय स्नतकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद, जिला धमतरी छ.ग. में बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (दो वर्षीय – चार सेमेस्टर) का पाठ्यक्रम में मेरा प्रवेश हो चुका हैंया हो गया हैं; को उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग अपराध को समाप्त करनें हेतु यू.जी.सी. नियमावली 2009 प्राप्त की, उसको सावधानी पूर्वक पढ़ा और पूर्णतः समझा।

2. मैंने विशेषतः नियमों की कंडिका 3 का अध्ययन किया और रैगिंग क्या हैं से अवगत हुआ/हुई।

3. मैंने उक्त नियमों की कंडिका 7 और 9.1 का विशेष अध्ययन किया और मैं प्रशासकीय कार्यवाही से अवगत हूँ जिसके अंतर्गत यदि मैं रैगिंग को बढ़ावा देता/देती हूँ अथवा प्रत्यक्ष / अप्रत्यक्ष रूपा से सहयोग करता/ करती हूँ या षड़यंतत्र करता/ करती हूँ तो मेरे विरूद्ध कार्यवाही हो सकती हैं।

4. मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता / लेती हूँ किः

   अ. मैं ऐसा कोई भी कार्य नही करूंगा / करूंगी जो कि कंडिका 3 के अंतर्गत रैगिंग की श्रेणी में आता हो।

   ब. मैं ऐसे किसी भी कार्य में प्रतिभागी नहीं बनूंगा / बनुंगी जो कि कंडिका 3 के नियम के अंतर्गत रैगिंग अपराध को बढ़ावा देता हो या फैलाता (लोकप्रीय करता) हो।

5. मैं सत्यनिष्ठा से वचन देता / देती हूँ कि यदि मै रैगिंग में लिप्त पया / पाई जाता / जाती हूँतो मेरे विरूद्ध रैगिंग नियमों की कंडिका 9.1 के अंतर्गत बिना किसी पूर्व न्यायिक कार्यवाही के अपराधिक कार्यवाही की जा सकती हैं।

6. मैं घोषणा करता / करती हूँ कि देश की किसी भी संस्था से ना तो निकाला गया और न ही प्रवेश के लिए वर्जित किया गया हैं। और, मैं रैगिंग जैसे अपराध को बढ़ावा देने सहायता करने या षड़यंत्र करनें के अपराधी पाया नहीं गया / गई हूँ। मैं अच्छी तरह से जानता / जानती हूँ कि, यदि मेरी ये घोषणा असत्य पाई जाती हैं तो मेरा प्रवेश निरस्त किया जा सकता हैं।

घोषणा का दिनांक .................... माह ..................... वर्ष ...................।

शपथकर्त्ता के हस्ताक्षर

नाम ................................................

सत्यापन

मैं सत्यापित करता / करती हूँ कि, उक्त शपथ पत्र में उल्लिखित बिंदु 1 से 6 के सभी तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य हैं, और कुछ भी छिपाया नहीं गया हैं।

सत्यापन का स्थान ............................ दिनांक .................... माह ..................... वर्ष ...................।

शपथकर्त्ता के हस्ताक्षर

मेरी उपस्थिति में शपथ–पत्र में उल्लिखित नियमों का अध्ययन कर दिनांक ................ माह ..................... वर्ष ............... को हस्ताक्षर कर आत्मिक स्वीकृति दी गई।

शपथ आयुक्त

संलग्न – 2

# माता/पिता /अभिभावक का शपथ पत्र

1. मैं श्री/श्रीमती/कु. .......................................................................................... (माता / पिता / अभिभावक का पूरा नाम).............. .......................................................... (छात्र का पूरा नाम) ....................................(प्रवेश पंजियन व नामांकन क्रमांक) .................... ....................................(संस्था का नाम) में हो प्रवेश हो चुका हैं, पुष्टि करता हूँ कि उच्च शिक्षण संस्थान में रैगिंग अपराध को समाप्त करनें हेतु यू.जी.सी. नियमावली 2009 प्राप्त हुई, जिसे मैने सावधानी पूर्वक पढ़ा और पूर्णतः समझा।

2. मैंने विशेषतः नियमों की कंडिका 3 का अध्ययन किया और रैगिंग क्या हैं से अवगत हुआ/हुई।

3. मैंने उक्त नियमों की कंडिका 7 और 9.1 का विशेष अध्ययन किया और मैं प्रशासकीय कार्यवाही से अवगत हूँ जिसके अंतर्गत यदि मैं रैगिंग को बढ़ावा देता/देती हूँ अथवा प्रत्यक्ष / अप्रत्यक्ष रूपा से सहयोग करता/ करती हूँ या षड़यंतत्र करता/ करती हूँ तो मेरे विरूद्ध कार्यवाही हो सकती हैं।

4. मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता / लेती हूँ किः

   अ. मेरा पुत्र / पुत्री किसी भी प्रकार के रैगिंग अपराध में सम्मिलित नहीं होगा जो कंडिका 3 के अंतर्गत रैगिंग की श्रेणी में आता हो।

   ब. मेरा पुत्र / पुत्री किसी भी ऐसे कार्य में प्रतिभागी नहीं बनेगा / बनेगी जो कि कंडिका 3 के नियम के अंतर्गत रैगिंग अपराध को बढ़ावा देता हो या फैलाता (लोकप्रीय करता) हो।

5. मैं सत्यनिष्ठा से वचन देता / देती हूँ कि यदि मेरा पुत्र / पुत्री रैगिंग में लिप्त पया / पाई जाता / जाती हैं तो उसके विरूद्ध रैगिंग नियमों की कंडिका 9.1 के अंतर्गत बिना किसी पूर्व न्यायिक कार्यवाही के अपराधिक कार्यवाही की जा सकती हैं।

6. मैं घाषणा करता / करती हूँ कि मेरा पुत्र / पुत्री रैगिंग अपराध के कारण देश की किसी भी संस्था से ना तो निकाला गया और न ही प्रवेश के लिए वर्जित किया गया हैं। और, रैगिंग जैसे अपराध को बढ़ावा देने सहायता करने या षड़यंत्र करनें के अपराधी पाया नहीं गया / गई हूँ। मैं अच्छी तरह से जानता / जानती हूँ कि, यदि मेरी ये घोषणा असत्य पाई जाती हैं तो मेरे पुत्र / पुत्री का प्रवेश निरस्त किया जा सकता हैं।

घोषणा का दिनांक .................... माह ..................... वर्ष ...................।

शपथकर्त्ता के हस्ताक्षर

नाम ...............................................

सत्यापन

मैं सत्यापित करता / करती हूँ कि, उक्त शपथ पत्र में उल्लिखित बिंदु 1 से 6 के सभी तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य हैं, और कुछ भी छिपाया नहीं गया हैं।

सत्यापन का स्थान ............................ दिनांक .................... माह ..................... वर्ष ...................।

शपथकर्त्ता के हस्ताक्षर

मेरी उपस्थिति में शपथ–पत्र में उल्लिखित नियमों का अध्ययन कर दिनांक ................ माह ..................... वर्ष ............... को हस्ताक्षर कर आत्मिक स्वीकृति दी गई।

शपथ आयुक्त